# भारतीय शिक्षा बोर्ड
# आदर्श प्रश्न पत्र - अर्धवार्षिक आकलन
# हिंदी - कक्षा 8
# सत्र 2026-27

**निर्धारित समय:** 3 घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　**अधिकतम अंक:** 80

**निर्देश**:

- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें |
- कृपया जाँच कर लें कि इस कार्य पत्रक में **07** मुद्रित पृष्ठ हैं |
- छात्रों को कार्यपत्रक समझाने हेतु अध्यापक को 10 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया गया है, इस अवधि में छात्र केवल कार्यपत्रक को समझेंगे एवं उत्तर लिखना प्रारंभ नहीं करेंगे |
- कार्यपत्रक में कुल 15 प्रश्न हैं | सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- सभी प्रश्नों के आगे उनके लिए निर्धारित अंक लिख दिए गये हैं|

---

## खंड-क (अपठित बोध)

**प्रश्न 1. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:** **(1x5=5)**

"अनुशासन का अर्थ है—नियमों के पालन के साथ जीवन जीना। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का विशेष महत्त्व है। जो विद्यार्थी समय की कद्र करता है और अपने दैनिक कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूरा करता है, वही सफलता के शिखर तक पहुँचता है। अनुशासन केवल बाहरी दबाव नहीं, बल्कि आत्म-नियंत्रण है। प्रकृति भी हमें अनुशासन सिखाती है; सूर्य समय पर उगता है और ऋतुएँ अपने क्रम से आती हैं। यदि हम प्रकृति के इस नियम को तोड़ते हैं, तो विनाश निश्चित है। अतः एक सुसंस्कृत नागरिक बनने के लिए अनुशासन को अपनाना अनिवार्य है।"

**(i) सफलता के शिखर तक कौन-सा विद्यार्थी पहुँचता है?**

(क) जो बहुत अधिक धनवान होता है ?
(ख) जो समय की कद्र और कार्यों को योजनाबद्ध करता है।
(ग) जो केवल भाग्य के भरोसे रहता है।
(घ) जो बहुत अधिक खेलकूद में समय बिताता है।

**(ii) लेखक के अनुसार 'अनुशासन' वास्तव में क्या है?**

(क) दूसरों पर दबाव बनाना।
(ख) केवल विद्यालय के नियमों को मानना।
(ग) आत्म-नियंत्रण।
(घ) दंड से बचने का तरीका।

**(iii) प्रकृति हमें अनुशासन के बारे में क्या सिखाती है?**

(क) सूर्य और ऋतुओं का निश्चित क्रम।

(ख) केवल वर्षा का होना।

(ग) पेड़ों का बड़ा होना।

(घ) समुद्र की लहरें।

**(iv) गद्यांश में 'विनाश' शब्द का विलोम शब्द क्या हो सकता है?**

(क) बर्बादी

(ख) पतन

(ग) सृजन (निर्माण)

(घ) समाप्ति

**(v) इस गद्यांश के लिए सबसे उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?**

(क) प्रकृति का सौंदर्य

(ख) विद्यार्थी और खेल

(ग) अनुशासन का महत्त्व

(घ) समय का चक्र

**प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए–(1x5)**

*"तू चल, तेरे साथ समय भी चलेगा, मंजिलें मिलेंगी, अँधेरा भी ढलेगा। सूरज की तरह तपना सीख ले तू, तभी तो दुनिया में तेरा नाम चमकेगा। काँटों की राह पर जो मुस्कुराकर चले, वही असल में वीर कहलाता है, मुसीबतों से डरकर जो रुक गया, वह इतिहास में कहीं खो जाता है/*

**(i) कवि के अनुसार समय किसके साथ चलता है?**

(क) जो सोता रहता है।

(ख) जो निरंतर आगे बढ़ता रहता है।

(ग) जो बहुत बातें करता है।

(घ) जो दूसरों की नकल करता है।

**(ii) दुनिया में नाम चमकाने के लिए क्या आवश्यक है?**

(क) सूरज की तरह तपना (कठिन परिश्रम करना)।

(ख) बहुत अधिक आराम करना।

(ग) केवल सपने देखना।

(घ) अंधेरे में छिप जाना।

**(iii) 'वीर' किसे कहा गया है?**

(क) जो युद्ध में लड़ता है।

(ख) जो काँटों भरी (मुश्किल) राह पर मुस्कुराकर चलता है।

(ग) जो मुसीबतों से डर जाता है।

(घ) जो इतिहास पढ़ता है।

**(iv) 'मंजिल' शब्द का पर्यायवाची शब्द कविता के संदर्भ में क्या होगा?**

(क) रास्ता

(ख) लक्ष्य

(ग) घर

(घ) सफ़र

**(v) इस कविता से हमें क्या मुख्य संदेश मिलता है?**

(क) मुसीबतों से भागने का।

(ख) समय को रोकने का।

(ग) निरंतर कर्मठ और साहसी बने रहने का।

(घ) सूरज को देखने का।

## खंड-ख (व्याकरण)

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1x5=5)**

(i) अलंकार के प्रमुख भेद कितने हैं ?

(ii) जब किसी बात को बढ़ा-चढ़ा के कहते हैं तो उसे कौन-सा अलंकार कहते हैं ?

(iii) 'अनु' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए |

(iv) 'मेरा' सर्वनाम का कौन-सा प्रकार है?

(v) 'अक' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1x5=5)**

(i) 'रमेश सो रहा है | इस वाक्य में क्रिया का कौन-सा रूप है?

(ii) माँ और बादल शब्द के दो-दो पर्यायवाची लिखिए |

(iii) निम्नलिखित शब्दों के प्रचलित रूप लिखिए– अनत, महातम, निरधार

(iv) विशेषण के कितने प्रकार होते हैं ?

(v) 'थोड़ा' शब्द में विशेषण का कौन-सा प्रकार है?

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1x5=5)**

(i) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए– ष्लोक, संगित, नाट्यसास्त्र

(ii) निम्नलिखित शब्दों में स्त्रीलिंग शब्द को पहचानिए और लिखिए– लोकनाट्य, विरासत, वेद, दृश्य, काव्य |

(iii) 'रामायण' और धर्मार्थ में कौन-सी संधि है?

(iv) अव्यय के कितने भेद होते हैं ?

(v) 'शांत' रस का स्थायी भाव क्या है लिखिए |

**प्रश्न 6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—** **(1x5=5)**

(i) 'पावक' और 'गायक' शब्द में कौन-सी संधि है?

(ii) निम्न शब्दों का अर्थ लिखिए– अभ्युदय, परिवीक्षक, अजातशत्रु।

(iii) ' मुझसे चला नही जाता |' इस वाक्य में कौन-सा वाच्य है ?

(iv) 'राम के द्वारा शिव धनुष तोड़ा गया |' वाक्य में कौन-सा वाच्य है?

(v) करण कारक का चिह्न क्या है ?

## खंड-ग (पाठ्य पुस्तक)

**प्रश्न 7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए— (1x5=5)**

"कुटियाअट्टम यह केरल के सबसे पुराने पारंपरिक लोकनाट्य रूपों में से एक है और संस्कृत रंगमंच परंपराओं पर आधारित है। इस नाट्य शैली के पात्र हैं- चाक्यार या अभिनेता, नांबियार या वादक और नांगयार, जी महिलाओं की भूमिका निभाते हैं। इसमें सूत्रधार या कथावाचक और विदूषक या विदूषक नायक होते हैं। विदूषक ही संवाद बोलते हैं। हाथ के इशारों और आँखों की गतिविधियों पर जोर इस नृत्य और नाट्यकला शैली को अद्वितीय बनाता है। इसे आधिकारिक तौर पर यूनेस्को द्वारा मानवता की मौखिक और अमूर्त विरासत की उत्कृष्ट कृति के रूप में मान्यता दी गई है।

यक्षगान : यह कर्नाटक की पारंपरिक नाट्यकला है। यह पौराणिक कथाओं और पुराणों पर आधारित है। इसके सबसे लोकप्रिय हिस्से महाभारत पर आधारित हैं, जैसे- द्रौपदी स्वयंवर, सुभद्रा विवाह, अभिमन्यु वध और कर्ण अर्जुन युद्ध। रामायण के अंश राज्याभिषेक, लव-कुश युद्ध, बाली सुग्रीव युद्ध और पंचवटी जैसे प्रसंगों पर आधारित होते हैं।

**1. कुटियाअट्टम नाट्य शैली में संवाद (Dialogues) बोलने की मुख्य जिम्मेदारी किसकी होती है?**

(क) चाक्यार

(ख) नांगयार

(ग) विदूषक

(घ) नांबियार

**2. यूनेस्को द्वारा कुटियाअट्टम को किस रूप में मान्यता दी गई है?**

(क) विश्व का सबसे पुराना नृत्य

(ख) मानवता की मौखिक और अमूर्त विरासत की उत्कृष्ट कृति

(ग) केरल का एकमात्र लोकनाट्य

(घ) संस्कृत भाषा का श्रेष्ठ नाटक

**3. कुटियाअट्टम की कला को अन्य शैलियों से क्या अद्वितीय (Unique) बनाता है?**

(क) केवल भारी वेशभूषा का प्रयोग

(ख) मंच पर आग का प्रयोग

(ग) हाथ के इशारों और आँखों की गतिविधियों पर जोर

(घ) बिना किसी वाद्य यंत्र के प्रदर्शन

**4. यक्षगान मुख्य रूप से किस राज्य की पारंपरिक नाट्यकला है और इसका आधार क्या है?**

(क) केरल और आधुनिक कहानियाँ

(ख) कर्नाटक और पौराणिक कथाएँ/पुराण

(ग) तमिलनाडु और ऐतिहासिक घटनाएँ

(घ) आंध्र प्रदेश और सामाजिक विषय

**5. 'अभिमन्यु वध' और 'लव-कुश युद्ध' जैसे प्रसंग किस नाट्यकला में विशेष रूप से दिखाए जाते हैं?**

(क) कुटियाअट्टम

(ख) संस्कृत रंगमंच

(ग) यक्षगान

(घ) विदूषक नाटक

**प्रश्न 8. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1x5)**

"किलकत कान्ह घुटुरुवनि आवत।
मनिमय कनक नंद कैं आँगन, बिंब पकरिबै धावत।।
कबहुँ निरखि हरि आपु छाँह कौं, कर सौं पकरन चाहत।
किलकि हँसत राजत द्वै दतियाँ, पुनि-पुनि तिहिं अवगाहत।।
कनक भूमि पर कर-पग छाया, यह उपमा इक राजति।
करि-करि प्रतिपद प्रतिमनि बसुधा, कमल बैठकी साजति।।
बाल-दसा-सुख निरखि जसोदा, पुनि-पुनि नंद बुलावति।
अँचरा तर लै ढाँकि, सूर के प्रभु कौं दूध पियावति।।"

**1. बालक श्रीकृष्ण कहाँ घुटनों के बल चल रहे हैं?**

(क) यमुना के किनारे पर

(ख) नंदबाबा के मणियों से जड़े स्वर्ण आँगन में

(ग) यशोदा माँ की गोद में

(घ) गोकुल की गलियों में

**2. श्रीकृष्ण अपनी परछाईं (बिंब) देखकर क्या करने की कोशिश करते हैं?**

(क) उसे देखकर डर जाते हैं

(ख) उसे अपने हाथों से पकड़ना चाहते हैं

(ग) उसे देखकर रोने लगते हैं

(घ) उसे मिट्टी से ढक देते हैं

**3. 'किलकि हँसत राजत द्वै दतियाँ' पंक्ति में 'द्वै दतियाँ' का क्या अर्थ है?**

(क) दो खिलौने

(ख) दो गाल

(ग) आगे के दो छोटे दाँत

(घ) दो मित्र

**4. स्वर्ण भूमि पर बालक कृष्ण के हाथ-पैरों की छाया को देखकर कवि को कैसी उपमा सूझ रही है?**

(क) जैसे धरती ने हर मणि में उनके बैठने के लिए कमल का आसन सजा दिया हो

(ख) जैसे आकाश में बादल छा गए हों

(ग) जैसे धरती पर दीये जल रहे हों

(घ) जैसे फूलों की वर्षा हो रही हो

**5. बालक कृष्ण की इन सुंदर लीलाओं को देखकर माता यशोदा किसे बुलाती हैं?**

(क) बलराम को

(ख) सखियों को

(ग) नंद बाबा को

(घ) गाँव वालों को

**प्रश्न 9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए–** **(2x3=6)**

(i) कौन पक्षियों की बोली समझना भूल गया ?

(ii) जलभराव के कारण कौन-सी फसल सड़ गई ?

(iii) जालीघर के सदस्यों के साथ कुब्जा का व्यवहार कैसा था ?

(iv) धुनिया काका गर्मी में कहाँ लेटे रहते थे ?

**प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 100-120 शब्दों में लिखिए-** **(3x3=9)**

(i) जमीन के निर्जलीकरण से क्या आशय है ?

(ii) पांच राज्यों के एक-एक लोकनाट्य का नाम लिखिए |

(iii) रास लीला और राम लीला में कोई तीन प्रमुख अंतर लिखिए |

(iv) विदुर के अनुसार पंडित कौन है ?

**प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए** **(2x3=6)**

(i) भारत का मुकुट किसे कहा गया है?

(ii) वृक्ष की हत्या किसका प्रतीक है?

(iii) 'एक वृक्ष की हत्या' कविता में विश्व की किस समस्या को उजागर किया गया है?

(iv) कवि ने समदरसी किसे कहा है?

**प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 100-120 शब्दों में लिखिए–** **(3x3=9)**

(i) कवि भगवान से अपने अवगुण क्षमा करने की प्रार्थना क्यों कर रहा है?

(ii) पृथ्वी पर अगर वृक्ष न दिखे, तो यह संसार कैसा दिखाई देगा?

(iii) आप जिस गाँव या शहर में रहते है वहाँ के प्राकृतिक सौन्दर्य पर पाँच वाक्य लिखिए |

(iv) वर्तमान संदर्भ में सूरदास के पद "जसोदा हरि पालनै..." पद का महत्व लिखिए |

## खंड- घ (रचनात्मक लेखन)

**प्रश्न 13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गये संकेत बिन्दुओं का प्रयोग करते हुए लगभग 120-130 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए–** **(5)**

1. सोशल मीडिया और विद्यार्थी जीवन

- संकेत बिंदु: सोशल मीडिया का अर्थ, ज्ञानार्जन में सहायक, समय की बर्बादी और लत, स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव, उपयोग में सावधानी और निष्कर्ष।

2. बढ़ता प्रदूषण: कारण और निवारण

- संकेत बिंदु: प्रदूषण की समस्या, प्रदूषण के विभिन्न प्रकार, बढ़ती जनसंख्या और औद्योगीकरण, पर्यावरण पर प्रभाव, विद्यार्थियों का योगदान और समाधान।

3. स्वावलंबन: सफलता की पहली सीढ़ी

- संकेत बिंदु: स्वावलंबन का अर्थ, आत्मविश्वास में वृद्धि, आत्मनिर्भरता का महत्त्व, महापुरुषों के उदाहरण, समाज और राष्ट्र के लिए लाभ

**प्रश्न:14 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए: (5)**

(क) अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए जिसमें विद्यालय के पुस्तकालय में हिंदी की आधुनिक कहानियों और समसामयिक पत्रिकाओं की उपलब्धता बढ़ाने का अनुरोध किया गया हो।

**अथवा**

(ख) अपने छोटे भाई को पत्र लिखकर कुसंगति (बुरी संगत) से बचने तथा समय के सदुपयोग का महत्त्व समझाते हुए पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दीजिए।